आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग– 2025 के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे।
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने क्यू.एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 102 पायदान की छलांग लगाई।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए ऐप लॉन्च करेंगी।
- भारतीय मानक ब्यूरो के क्वालिटी कनेक्ट कैम्पेन के तहत चमोली जिले में उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त और नकली सामान को परखने की जानकारी दी जा रही है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग– 2025 के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। तीन दिवसीय रायसीना डायलॉग कार्यक्रम 19 मार्च तक चलेगा। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय हैं कालचक्र – लोग, शांति और पृथ्वी।

रायसीना डायलॉग के इस संस्करण में करीब 125 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसमें मंत्री, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सैनिक कमांडर, उद्योग जगत के प्रमुख, शिक्षाविद, सामरिक मामलों के जानकार, नीति निर्माता और युवा शामिल होंगे। इस डायलॉग में 3 हजार 500 से अधिक प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से शामिल होंगे और इसकी कार्रवाई को दुनिया भर के लाखों लोग विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे। रायसीना डायलॉग भू–राजनीति और भू–अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो वैश्विक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। हर वर्ष इस बैठक में विभिन्न देशों के शीर्ष नेता, उच्च स्तरीय अधिकारी, नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और पत्रकार हिस्सा लेते हैं और वैश्विक स्थिति तथा विभिन्न समकालीन मुद्दों पर सहयोग के अवसर तलाशने पर चर्चा करते हैं।

क्यूएस रैंकिंग पंतनगर

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर ने कृषि और वानिकी अध्ययन की क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 102 पायदान की छलांग लगाकर 209 वां स्थान हासिल किया है। इस सूची में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय 275वें स्थान पर है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षण, शोध व प्रसार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के निरंतर प्रयासों और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी संकाय, सदस्यों और कर्मचारियों को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

विश्व–स्तरीय एजेंसी द्वारा प्रति वर्ष वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की विषय आधारित रैंकिंग की जाती है, जिसमें विश्व के 500 संस्थानों को शामिल किया जाता है। ये रैंकिंग विश्वविद्यालयों का विषय–विशिष्ट मूल्यांकन प्रदान करती है, जिससे छात्रों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं को शैक्षणिक विकल्प बनाने में मदद मिलती है।

अपील

ऋषिकेश से भाजपा विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने समर्थकों से बाजार बंद न करने की अपील की है। श्री अग्रवाल के मंत्री पद से इस्तीफे के बाद उनके समर्थकों ने बाजार बंद करने की घोषणा की थी, जिसका असर डोईवाला में देखने को मिला। श्री अग्रवाल ने कहा कि बाजार बंद करना सही नहीं है। उन्होंने सभी से अपने प्रतिष्ठान खोलने का आग्रह किया है।

मकान आग

बागेश्वर जिले की कपकोट तहसील के बड़ेत गांव में कल देर रात एक पुराने मकान में अचानक आग लग गई। इस घटना में कोई जनहानि व पशुहानि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर दमकल और एसडीआरएफ की टीम समय पर नहीं पहुंचती, तो आग और भी विकराल रूप ले सकती थी। वहीं, प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि आग लगने की किसी भी घटना की तुरंत सूचना दें, ताकि नुकसान को रोका जा सके। फिलहाल, आग के कारणों की जांच जारी है।

वित्त मंत्री

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए ऐप लॉन्च करेंगी। इस ऐप का उद्देश्य योजना के दूसरे दौर के लिए आसान पंजीकरण की सुविधा से भागीदारी को बढ़ाना है। इसके लिए आवेदन 31 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे। ऐप लॉन्च के साथ ही, कोलकाता में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से इन दिनों चमोली जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें उपभोक्ताओं को क्वालिटी कंट्रोल सहित विभिन्न जानकारी दी जा रही हैं। क्वालिटी कनेक्ट कैम्पेन के तहत स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों में उपभोक्ताओं को गुणवत्ता वाले सामान खरीदने की जानकारी दी जा रही है। उपभोक्ताओं को यह भी बताया जा रहा है कि गुणवत्ता वाले सामान व नकली सामान की कैसे परख करें। उपभोक्ताओं को आईएसआई, हॉलमार्क, सीआरएस मार्क आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

चमोली जिले में भारतीय मानक ब्यूरो के चयनित 8 कॉलेजों में स्टैंडर्ड क्लब बने हैं, जिसमें प्रत्येक वर्ष तीन एक्टिविटी और एक एक्सपोजर विजिट होता है। इन स्टैंडर्ड क्लब से 10 मानक मित्रों का चयन किया गया है, जो जगह–जगह जाकर अधिकारियों के साथ जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं। मानक मित्रों का कहना है कि बीआईएस पोर्टल के माध्यम से किसी भी जिले में उपलब्ध बीआईएस लाइसेंसधारी उत्पादों की सूची प्राप्त की जा सकती है।

कबड्डी विश्व कप

कबड्डी विश्व कप– 2025 आज शाम इंग्लैंड में शुरू हो रहा है। भारतीय पुरुष टीम अपने अभियान की शुरुआत इटली के खिलाफ़ वॉल्वरहैम्प्टन में करेगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे शुरू होगा। सात दिन चलने वाले टूर्नामेंट में यूनाइटेड किंगडम के वैस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में बर्मिंघम, कोवेंट्री, वॉल्सॉल और वॉल्वरहैम्प्टन में 60 से अधिक मुकाबले खेले जाएंगे। पुरुष वर्ग में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत को इटली, स्कॉटलैंड, वेल्स और चीन के साथ ग्रुप– बी में रखा गया हैं। वहीं दूसरी ओर, महिलाओं वर्ग में छह टीमों को डी और ई ग्रुप में बांटा गया हैं। भारत वेल्स और पोलैंड के साथ ग्रुप– डी में प्रतिस्पर्धा करेगा।